कार्यालय निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/प्राशि/SIQE/19522/2017/ 817 दिनांक : 23.7.18

जिला शिक्षा अधिकारी,
प्रारम्भिक शिक्षा समस्त

विषयः— सत्र 2018—19 में प्राथमिक कक्षा के शिक्षकों के लिए आयोजित एसआईक्यूई सैटेलाइट प्रसारण द्वारा वीसी (दिनांक 24.07.2018 एवं 26.07.2018) के क्रम में।

संदर्भः— राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् जयपुर का पत्रांक रामाशिप/जय/एसआईक्यूई/फा—60703/2018/3767 दिनांक 20.07.2018

उपरोक्त विषय एवं सन्दर्भित पत्रानुसार लेख है कि सत्र 2018—19 में आईसीटी तृतीय चरण, चतुर्थ चरण एवं अरनेट (Arnet) द्वारा संचालित स्मार्ट क्लास रूम युक्त विद्यालयों में उपलब्ध सैटेलाइट प्रसारण सुविधा व डोंगल के माध्यम से एसआईक्यूई विषय पर प्राथमिक कक्षाओं के शिक्षकों हेतु माह जुलाई, 2018 में निम्नानुसार सैटेलाइट प्रसारण प्रसारित किया जाना है—

क्र.सं.	माह	सैटेलाइट प्रसारण	प्रसारण दिनांक	प्रसारण समय
1	जुलाई	**विषय गणित व अंग्रेजी**	**24 जुलाई 2018**	**प्रातः 10.30 बजे से 3.30 बजे तक**
2		**विषय हिन्दी व पर्यावरण**	**26 जुलाई 2018**	**प्रातः 10.30 बजे से 3.30 बजे तक**

सैटेलाइट प्रसारण में एसआईक्यूई कार्यक्रम से संबंधित विभिन्न गतिविधियां, यथा— विषयवार गतिविधि आधारित शिक्षण के वीडियोज, अभिलेख संधारण, पैनल चर्चा, शिक्षण सामग्री का निर्माण एवं उपयोग, योगात्मक आकलन आदि प्रसारित की जायेगी।

अतः आप अपने जिले के राजकीय विद्यालयों में प्राथमिक कक्षाओं को पढ़ाने वाले शिक्षकों को उपरोक्त तिथियों में निर्धारित समय पर प्रसारण केन्द्रों (पूर्व निर्धारित आईसीटी क्लस्टर विद्यालय) पर उपस्थिति देने हेतु आदेशित करें। साथ ही सभी शिक्षकों को निर्देशित करावें कि अपनी उपस्थिति आंवटित वीसी केन्द्र पर ही देवें। जो शिक्षक निर्धारित वीसी केन्द्र के अतिरिक्त अन्यत्र केन्द्र पर या अन्य माध्यम (मोबाईल या अन्य निजी उपकरण) से सम्मिलित हो रहे है तो उनकी उपस्थिति मान्य नहीं होगी और उनके विरूद्ध नियमानुसार विभागीय कार्यवाही के प्रस्ताव सन्दर्भित पत्रानुसार भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

यह सैटेलाइट प्रसारण (वीसी) प्राथमिक कक्षाओं को पढ़ाने वाले शिक्षकों को एसआईक्यूई परियोजना के अन्तर्गत सीसीई एवं सीसीपी प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण देने के क्रम में आयोजित की जा रही है। अतः इस प्रयास को सफल बनायें।

संलग्न : संदर्भित पत्र।

www.rajteachers.com

(श्याम सिंह राजपुरोहित)
I.A.S.
निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/प्राशि/SIQE/19522/2017/ 818-827 दिनांक : 23.7.18

प्रतिलिपिः

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सहायक, आयुक्त राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
3. निजी सहायक, निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर
4. निजी सहायक, उपायुक्त द्वितीय राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर
5. उपनिदेशक (माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा) समस्त मंडल को भेजकर लेख है कि अधीनस्थ जिलों के शिक्षकों की सैटेलाइट प्रसारण हेतु शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु पाबंद करें।

6. जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा समस्त जिले को भेजकर लेख है कि पत्रानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करावें।
7. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक रमसा/सर्व शिक्षा अभियान, समस्त जिले
8. ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, समस्त ब्लॉक
9. पदेन पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, समस्त पंचायत
10. कम्प्यूटर अनुभाग प्रारम्भिक/माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर को भेजकर लेख है कि इस पत्र को विभागीय वेबसाइट पर प्रदर्शित करावें तथा शाला दर्शन/शाला दर्पण पोर्टल पर भी समस्त संस्थाप्रधानों हेतु प्रदर्शित करावें।
11. रक्षित पत्रावली

www.rajteachers.com

निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर